## विभाग में संचालित अन्य कार्यक्रम

# राजीव गांधी नवोदय विद्यालय

प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थिति एवं विभिन्न जनपदों के दुर्गम एवं दूरस्थ क्षेत्रों में निवास करने वाले प्रतिभावान बालक–बालिकाओं के सर्वांगीण विकास हेतु प्रदेश के प्रत्येक जनपद में प्रतिभा केन्द्र के रूप में राजीव गाँधी नवोदय विद्यालयों की संकल्पना की गई थी। वर्ष 2003–04 से देहरादून, वर्ष 2004–05 से हरिद्वार, नैनीताल चम्पावत, पिथौरागढ़, वर्ष 2005–06 से पौड़ी गढ़वाल, वर्ष 2006–07 से अल्मोड़ा एवं वर्ष 2009–10 से जनपद टिहरी में राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। वर्ष 2009–10 से ही राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की भाँति शेष पाँच जनपदों उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, बागेश्वर तथा ऊधमसिंह नगर में श्यामा प्रसाद मुखर्जी अभिनव विद्यालयों का संचालन प्रारम्भ किया गया। वर्तमान में इन विद्यालयों का नाम राजीव गांधी नवोदय विद्यालय परिवर्तित किया गया है।

उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्या 1095/गगपअ–3/12/04 (02)(08) माध्यमिक शिक्षा अनुभाग 3 दिनांक 18–09–2012 द्वारा प्रदेश में संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों को सोसायटी मोड में संचालित करने हेतु दिशा–निर्देश दिए गए है। उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति का पंजीकरण सोसायटी रजिस्ट्रेशन अधिनियम 1860 के आधीन दिनांक 20–10–2012 को किया गया है।

उत्तराखण्ड राज्य के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत अध्यापकों में से इच्छुक, कर्मठ एवं योग्य अध्यापकों को पदस्थापना के द्वारा इन विद्यालयों में अध्यापकों की व्यवस्था की जाती रही है।

### प्रवेश में क्षेत्रवार, लिंगवार एवं जातिवार आरक्षण की स्थितिः

| क्र0 सं0 | जनपद | सीटें | क्षेत्रवार आरक्षण | लिंगवार आरक्षण |
|---|---|---|---|---|
| 01 | देहरादून, हरिद्वार, पौड़ी, चम्पावत, नैनीताल, पिथौरागढ़, अल्मोड़ा, टिहरी | 60 | 80% ग्रामीण<br>20% शहरी | 50% बालिका |
| 02 | उत्तरकाशी, चमोली, रूद्रप्रयाग, बागेश्वर, ऊधमसिंह नगर | 30 | | 50% बालिका |

### राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं का विवरण सत्र 2014–15

| सामान्य | | | ओ0बी0सी0 | | | एस0सी0 | | | एस0टी0 | | | महायोग | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बालक | बालिका | योग | बालक | बालिका | योग | बालक | बालिका | योग | बालक | बालिका | योग | बालक | बालिका | योग |
| 765 | 838 | 1603 | 255 | 248 | 503 | 292 | 303 | 595 | 41 | 45 | 86 | 1355 | 1433 | 2788 |

## विद्यालय स्तर पर सृजन हेतु प्रस्तावित पदः

| क्र0स0 | पदनाम | प्रति विद्यालय | 13 विद्यालयों में कुलपद |
|---|---|---|---|
| 01 | प्राचार्य | 01 | 13 |
| 02 | उप–प्राचार्य | 01 | 13 |
| 03 | पी0जी0टी0 | 11 | 143 |
| 04 | टी0जी0टी0 | 14 | 182 |
| 05 | लाइब्रेरियन | 01 | 13 |
| 06 | मुख्य सहायक (प्रतिनियुक्ति) | 01 | 13 |
| 07 | मैट्रन (पुरूष) | 01 | 13 |
| 08 | मैट्रन (महिला) | 01 | 13 |
| 09 | कैटरिंग असिस्टेन्ट | 01 | 13 |
| 10 | प्रवर सहायक/स्टोर कीपर (प्रतिनियुक्ति ) | 01 | 13 |
| 11 | स्टाफ नर्स/न्यूट्रिशियन (महिला) (बाह्य स्रोत से) | 01 | 13 |
| 12 | कनिष्ठ सहायक/कम्प्यूटर ऑपरेटर (बाह्य स्रोत से) | 01 | 13 |
| 13 | लैब अटेण्डेण्ट (वाह्य स्त्रोत से) | 02 | 26 |
| 14 | सुरक्षा गार्ड इलै०/प्ल० चतुर्थ श्रेणी स्वच्छक (बाह्य स्रोत से) | 7 | 91 |
| 15 | कुक (बाह्य स्रोत से) | 01 | 13 |
| 16 | मैस सहायक (बाह्य स्रोत से) | 3 | 39 |

## राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कार्यरत (पदस्थापना/मानदेय) प्राचार्य, उप प्रचार्य एवं शिक्षकों का विवरणः

| पदस्थापना | | | | मानदेय | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्राचार्य | उप प्रचार्य | पी0जी0टी0 | टी0जी0टी0 | पी0जी0टी0 | टी0जी0टी0 |
| **1** | **3** | **35** | **44** | **66** | **67** |

**राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के भवनों के निर्माण कार्यों की प्रगतिः**

| क्र0 सं0 | योजना का विवरण | स्वीकृत लागत | पुनरीक्षित लागत | कुल अवमुक्त धनराशि | अवशेष देयता | कार्य प्रारम्भ होने की तिथि | भौतिक प्रगति प्रतिशत | वित्तीय प्रगति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय हरिद्वार | 1460.27 | | 1460.27 | | | 96 | 98 |
| 2 | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय देहरादून | 1593.31 | | 1593.31 | | | 90 | 100 |
| | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय देहरादून की डोर मैट्रियों की मरम्मत | 6.71 | | 6.71 | | | | |
| 3 | राजीव गांधी नवोदय विद्यालय टिहरी | 1096.82 | | 1014.35 | 82.47 | N/A | 65 | 59 |
| | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय देवलधार, टिहरी में मोटर मार्ग हेतु अर्जित काश्तकारों की भूमि का प्रतिकर | 9.74 | | 9.74 | | | | |
| 4 | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय पौड़ी | 1313.23 | 1615.00 | 1313.23 | | May-05 | 69 | 100 |
| 5 | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय पिथौरागढ़ | 1518.11 | | 788.81 | 729.30 | | 50 | 40 |
| 6 | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय अल्मोड़ा | 700.35 | 1247.88 | 700.35 | | Jun-06 | 75 | 100 |
| 7 | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय नैनीताल | 1111.77 | | 892.88 | 218.89 | | 55 | 40 |
| 8 | राजीव गॉधी नवोदय विद्यालय चम्पावत | 1538.47 | | 788.81 | 749.66 | | 46 | 50 |
| योग | | 10348.78 | 2862.88 | 8568.46 | 1780.32 | | | |

**अनुश्रवण एवं निरीक्षणः**

राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों की बेहतर प्रशासनिक एवं शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु महानिदेशालय स्तर पर प्रचार्यों की समीक्षा बैठक तथा जनपद स्तर एवं महानिदेशालय स्तर से निरीक्षण, अनुश्रवण तथा शैक्षणिक अनुसमर्थन नियमित रूप से किया जाता है

राज्य सरकार द्वारा संचालित राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत् छात्र–छात्राओं को निम्नलिखित मूलभूत सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही हैः–

1. छात्रावास की व्यवस्था
2. कक्षा–कक्षों की व्यवस्था
3. पुस्तकालय / वाचनालय की व्यवस्था
4. अत्याधुनिक प्रयोगशालाओं की व्यवस्था
5. कक्षा–6 से 12 तक कम्प्यूटर शिक्षा की व्यवस्था
6. भोजनालय की व्यवस्था
7. विभिन्न क्रियाकलापों हेतु मल्टी परपज हाल की व्यवस्था
8. निःशुल्क भोजन, स्टेशनरी, पाठ्य पुस्तक, गणवेश आदि की व्यवस्था

सचिव विद्यालयी शिक्षा उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में दिनांक 19 जून 2014 को सम्पन्न वित्त समिति की बैठक में राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं को आवासीय सुविधाओं के मानक निर्धारण निम्नवत किया गया–

| | |
|---|---|
| आवासीय व्यवस्था | रू. 5000 प्रतिछात्र |
| बर्तनः | रू. 220 प्रतिछात्र |
| पाठ्य पुस्तकें | एन0सी0ई0आर0टी0 पुस्तकों का वास्तविक मूल्य |
| स्टेशनरी | रू. 900 / प्रति छात्र |
| गणवेश | रू. 2800 प्रतिछात्र प्रतिवर्ष |
| टॉयलेटरीज | 1000 रूपये प्रतिछात्र प्रतिवर्ष |
| भोजन | रू. 75 / – प्रतिछात्र प्रतिदिन |
| दवाइयाँ | रू. 300.00 प्रतिछात्र 9 माह हेतु |

अपर मुख्य सचिव उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में उत्तराखण्ड आवासीय विद्यालय समिति की कार्यक्रम अनुश्रवण समिति की प्रथम बैठक दिनांक 21 नवम्बर, 2014 में निम्नवत निर्णय लिये गये।

- राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कक्षा 6 में प्रति वर्ष प्रवेश परीक्षा उत्तराखण्ड विद्यालयी शिक्षा परिषद रामनगर द्वारा करवाये जाने पर निर्णय।
- शैक्षिक सत्र 2016–17 (प्रवेश परीक्षा वर्ष 2016) से प्रवेश वर्ष के 01 अप्रैल को आयु 09 से 13 वर्ष किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों के वार्षिक परीक्षा परिणाम व उपलब्धियों के आधार पर श्रेणीकरण किये जाने का निर्णय लिया गया है।
- राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को परीक्षाफल के आधार पर कार्ड (प्रशस्ति पत्र / चेतावनी पत्र) निर्गत करने तथा उक्त की अंकना गोपनीय आख्या किये जाने पर निर्णय लिया गया।
- राजीव गांधी नवोदय विद्यालय में कार्यरत शिक्षकों को DIET व SCERT में क्षमता अभिवर्धन हेतु प्रशिक्षण दिये जाने पर निर्णय।

- कार्यरत शिक्षकों को एक शैक्षिक सत्र में कम से कम विषयवार दो सेमिनार/कार्यशाला (दो दिवसीय) के आयोजन का निर्णय लिया गया।

**प्रवेश परीक्षा 2015:**

शैक्षिक सत्र 2015–16 की कक्षा में प्रवेश की प्रक्रिया गतिमान है। प्रवेश परीक्षा समस्त विकास खण्ड में स्थित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जा चुकी है।

**राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों का वर्ष 2013–14 में कक्षा 12 का परीक्षाफल : 85%**

| क्र0 सं0 | जनपद | Stream | Appeared | | Passed | | Pass % | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | Boys | Girls | Boys | Girls | Boys | Girls |
| 1 | अल्मोड़ा | Science | 21 | 17 | 21 | 15 | 100 | 88.22 |
| 2 | चम्पावत | Science | 7 | 6 | 5 | 6 | 71.4 | 100 |
| | | Humanities | 8 | 4 | 4 | 3 | 50 | 75 |
| 3 | देहरादून | Science | 11 | 12 | 10 | 9 | 90.9 | 75 |
| | | Commerce | 5 | 6 | 5 | 4 | 100 | 66.7 |
| 4 | हरिद्वार | Science | 12 | 11 | 11 | 11 | 91.7 | 100 |
| | | Humanities | 3 | 6 | 2 | 5 | 66.3 | 83.3 |
| 5 | नैनीताल | Science | 15 | 17 | 14 | 16 | 93.3 | 94.1 |
| 6 | पौड़ी | Science | 13 | 15 | 8 | 14 | 61.5 | 93.3 |
| | | Humanities | 1 | 3 | 1 | 3 | 100 | 100 |
| 7 | पिथौरागढ़ | Science | 5 | 4 | 4 | 4 | 80 | 100 |
| | | Humanities | 1 | 5 | 0 | 3 | 0 | 60 |
| **योग** | | | **102** | **106** | **85** | **93** | **83.3** | **87.7** |

**राजीव गांधी नवोदय विद्यालयों का वर्ष 2013–14 में कक्षा 10 का परीक्षाफल : 99.3%**

| क्र0 सं0 | जनपद | पंजीकृत छात्र | सम्मिलित छात्र | CGPA 9.2-10 | CGPA 8.2-9 | CGPA 7.2-8 | CGPA 6.2-7 | CGPA 5.2-6 | Comp. |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्मोड़ा | 52 | 52 | 0 | 10 | 21 | 14 | 5 | 2 |
| 2 | बागेश्वर | 25 | 25 | 11 | 5 | 6 | 3 | 0 | 0 |
| 3 | चमोली | 18 | 18 | 3 | 5 | 7 | 3 | 0 | 0 |
| 4 | चम्पावत | 39 | 39 | 0 | 1 | 16 | 16 | 6 | 0 |
| 5 | देहरादून | 54 | 54 | 3 | 13 | 22 | 9 | 7 | 0 |
| 6 | हरिद्वार | 44 | 44 | 19 | 10 | 10 | 5 | 0 | 0 |
| 7 | नैनीताल | 50 | 50 | 6 | 9 | 21 | 7 | 7 | 0 |
| 8 | पौड़ी | 39 | 39 | 0 | 5 | 16 | 16 | 2 | 0 |
| 9 | पिथौरागढ़ | 39 | 39 | 0 | 0 | 15 | 18 | 5 | 1 |
| 10 | रूद्रप्रयाग | 11 | 11 | 9 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | टिहरी | 19 | 19 | 3 | 10 | 6 | 0 | 0 | 0 |
| 12 | ऊधमसिंहर नगर | 18 | 18 | 8 | 0 | 5 | 5 | 0 | 0 |
| 13 | उत्तरकाशी | 18 | 17 | 1 | 2 | 7 | 7 | 0 | 0 |
| **योग** | | **426** | **425** | **63** | **70** | **154** | **103** | **32** | **3** |